दिनांक : 26.09.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपालए प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- सागर में कल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- जनजातीय कार्य विभाग की सभी संस्थाओं के निरीक्षण के लिए संभाग स्तर पर दल किये जायेंगे गठित।
- मौसम विभाग ने इन्दौर धार, जबलपुर, समेत 18 जिलों में तेज बारिश का जारी

**रीजनल इंडस्ट्रीज कांक्लेव**

सागर में कल होने वाली रीजनल इंडस्ट्रीज कांक्लेव का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विभिन्न नवीन व प्रस्तावित परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें सागर, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि आवंटन, सागर में एमपीआईडीसी के रीजनल कार्यालय का भूमि पूजन, सागर, दमोह, पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर एवं निवाड़ी जिलों में जिला निवेश प्रोत्साहन केंद्र का लोकार्पण और कोयंबटूर में एमपीआईडीसी के कार्यालय का लोकार्पण शामिल हैं। वे उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा भी करेंगे। कॉनक्लेव में 4500 से अधिक उद्योगपतियों का पंजीयन हुआ है। इसके पहले आज प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत ने आयोजन स्थल पुलिस अकादमी परेड ग्राउंड में तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही वह बुंदेलखंड हैकाथॉन 2024 के आयोजन में शामिल हुए। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह हैकाथॉन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच है।

**पीएम-परम सुपरकंप्यूटर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुणे में तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटिंग सिस्टम और मौसम तथा जलवायु के लिए एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग सिस्टम का शुभारंभ किया। लगभग एक सौ 30 करोड़ रुपये मूल्य के तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर, राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान को सुविधाजनक बनाने के लिए इन सुपर कंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में स्थापित किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने युवाओं से उद्घाटन में शामिल होने का आग्रह किया।

**सरकार** 100 **दिन-किसान**,**बालाघाट**

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिन पूरे हो गए हैं। इन सौ दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। आदिवासी बाहुल्य बालाघाट जिले में इन्फ्रास्ट्रक्चर काफी तेजी से विकसित हुआ है। बालाघाट में सड़क, बड़े पुल,ओवर ब्रिज,रेल कनेक्टविटी में काफी प्रगति देखने को मिली है। जिले के लोगो को आवागमन,रोजगार सहित अन्य सुविधाओं का काफी लाभ मिल रहा है। व्यापारियों सहित अन्य शहरी और ग्रामीण अंचलों के लोग एक शहर से दूसरे शहर में यात्रा करने में कोई परेशानी नही हो रही है।वहीं बेरोजगारी दूर करने बड़े बड़े उद्योग धंधों का विस्तार किया जा रहा है।

**स्वच्छता ही सेवा**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्वालियर में संवाद सह जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कटनी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विविध प्रकार की स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता जागरूकता की गतिविधियां

आयोजित की गई। अशोकनगर में जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत कदवाया स्थित मां बीजासन धाम कदवाया में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान एवं सफाई मित्रों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया । नीमच में आज सफाई मित्रो के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। रामपुरा, कुकड़ेश्वर, मनासा, सिंगोली, रतनगढ़, जावद, जीरन, पलसोड़ा और ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित किए गए हैं।

जनजातीय विभाग दल

जनजातीय कार्य विभाग की सभी संस्थाओं के सघन निरीक्षण के लिये संभाग स्तरीय दल गठित किये जायेंगे। यह दल जनजातीय विद्यार्थियों के स्कूल, छात्रावासों, आश्रम शालाओं, कन्या शिक्षा परिसरों, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) एवं अन्य संस्थाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। इन दलों द्वारा दिये गये निरीक्षण प्रतिवेदन पर समुचित कार्यवाही कर विभागीय संभागीय उपायुक्त हर शुक्रवार को आयुक्त, जनजातीय कार्य को पालन प्रतिवेदन देंगे। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के निर्देश पर इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गये हैं। आयुक्त, जनजातीय कार्य ने बताया कि संभागीय उपायुक्त अपने-अपने संभाग में स्थित सभी विभागीय संस्थाओं के निरीक्षण के लिये संभाग स्तर पर एक निरीक्षण दल का गठन करेंगे। इस निरीक्षण दल में एक महिला मंडल संयोजक (नेतृत्वकर्ता), संबधित जिले के एक प्रतिनिधि के साथ ही एक सहायक कर्मचारी भी होगा।

पेसा कानून

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल आज नई दिल्ली में डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र में पेसा अधिनियम पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन

में शामिल हुये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में पेसा अधिनियम का क्रियान्वयन 15 नवंबर 2022 से लागू किया गया। इसे 20 जिलों के 88 विकासखण्डो की 5133 पंचायतों के 11 हजार 596 ग्रामों में लागू हुआ। इस कानून एक बड़ा क्षेत्र मध्यप्रदेश है, राज्य ने कानून के क्रियान्वयन के लिये उल्लेखनीय कार्य किये हैं। उन्होंने कहा कि 13 जिला समन्वयक, 81 विकासखण्ड स्तरीय समन्वयक और 4824 पेसा मोबलाइजर नियुक्त किये गये है। पेसा मोबलाइजर एक नया कान्सेप्ट है जिसे राज्य में लागू किया गया है। शांति एवं विवाद निवारण समिति द्वारा 5365 से अधिक मामलों में बिना एफआईआर के बिना आपसी सहमति से विवाद का निपटान किया है, ऐसी 11 हजार 549 समितियाँ बनी है। गौण खनिज समितियों को अब तक 131 खनिज खदानों की लीज के आवेदन प्राप्त हुये हैं।

पशुसंगणना

पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में भारत विश्व के अग्रणी देशों में शामिल है। पशु संगणना में जहां भारत का विश्व में प्रथम स्थान है, वहीं विश्व में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन भी भारत में ही होता है। मध्य प्रदेश राज्य किसान क्रेडिट कार्ड (पशुपालन) सहित अन्य योजनाओं में देश में अग्रणी है। अगले महिने से प्रदेश सहित पूरे भारत में 21वीं पशु संगणना प्रारंभ होने वाली है। पशु संगणना में इस बार डेटा कलेक्शन का पूरा कार्य ऑनलाइन किया जाएगा। यह जानकारी आज प्रदेश में 21 वीं पशु संगणना 2024 की तैयारियों के संबंध में संचालनालय, पशु चिकित्सा एवं डेयरी के सभागार भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में भारत सरकार की मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी विभाग की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा पशु संगणना तैयारियों के संबंध में ऑन लाइन संदेश दिया गया। कार्यशाला में बताया गया कि21वीं पशु संगणना मध्य प्रदेश के 55 जिलों के एक करोड़ 80 लाख परिवारों में घर-घर जाकर की जानी है।

**पोषण माह**

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान अब तक नौ करोड बीस लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये जा चुके हैं। रक्त की कमी की रोकथाम के लिए वार्षिक पौष्टिक आहार और कल्याण अभियान के अंतर्गत लगभग एक करोड 88 लाख कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। एक करोड 68 लाख कार्यक्रमों में प्रौढ़ता वृद्धि पर और एक करोड 45 लाख कार्यक्रमों में पूरक आहार के सेवन पर ध्यान दिया गया है। सरकार ने पोषण भी-पढाई भी अभियान के अंतर्गत करीब एक करोड 59 लाख कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए पर्यावरण संरक्षण और इसी प्रकार के अनेक अभियान चलाये गये। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बताया है कि इस वर्ष के पोषण माह अभियान में महाराष्ट्र, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और आन्ध्र प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

संपूर्णता अभियान आकांक्षी ब्लॉक

नीति आयोग के द्वारा क्रियान्वित मध्यप्रदेश के आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत बक्सवाहा में संपूर्णता अभियान के तहत छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संपूर्णता अभियान के तहत जिला स्तरीय 6 एवं ब्लॉकस्तरीय 6 इंडिकेटरों के आंकड़ों की गहनता से समीक्षा की गई है। इस अभियान की जुलाई सितंबर की रिपोर्ट जिसमें एएनसी के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, आईसीडीएस, कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं, पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों का प्रतिशत आदि की समीक्षा की गई।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने इन्दौर धार, जबलपुरए समेत 18 जिलों में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान इन्दौर, जबलपुर, शहडोल संभाग के सभी

**जिलों में वर्षा दर्ज की गई। लखनादौन में 90 दशमलव 05 मिली मीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिन इंदौर.उज्जैन जबलपुरए शहडोल और सागर संभाग में बारिश होगी।**

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश में कल विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।
- सीहोर जिले में सोयाबीन उपार्जन के लिये किसानों का ई–उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन प्रारंभ हो गया है। किसान सोयाबीन बिक्री के लिये आगामी 20 अक्टूबर, 2024 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।
- धार जिले के सरदारपुर ब्लाक के रिंगनोद में मंत्री डॉ. कुंवर विजयशाह ने छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां के जनजातीय छात्रावास में करंट लगने से दो छात्रों की मृत्यु हो गयी।

-----------------------